# अमर उजाला (Amar Ujala)

| दिनाँक (Dated): 10-05-2024 | पृष्ठ सं० (Page No). 06 | क्रम सं०(Serial No.) 3 |
|---|---|---|

## हवाई अड्डे पर दवाओं की तस्करी में विदेशी गिरफ्तार

नई दिल्ली। इंदिरा गांधी हवाई अड्डे पर सीआईएसएफ कर्मियों ने दवाओं की तस्करी में एक विदेशी नागरिक को पकड़ा है। उसके कब्जे से 85 लाख कीमत की दवाइयां मिलीं। आरोपी की पहचान घाना निवासी जोसेफ अमरा अमर्टे के रूप में हुई है। सीआईएसएफ कर्मियों ने आरोपी को कस्टम विभाग के हवाले कर दिया है। सीआईएसएफ के अधिकारी ने बताया कि बुधवार दोपहर करीब एक बजे हवाई अड्डे पर मौजूद सीआईएसएफ के निगरानी और खुफिया कर्मचारियों ने टर्मिनल-तीन के चेकइन क्षेत्र में एक यात्री की संदिग्ध गतिविधियों को देखा। शक होने पर यात्री को हिरासत में लिया गया। ब्यूरो